AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

मेधावी छात्र परिषद का गठन, वीरेंद्र अध्यक्ष

लविवि : छात्रों व विश्वविद्यालय के विकास के लिए बनाएंगे 100 दिन का एजेंडा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने लंबी कवायद के बाद मेधावी छात्र परिषद (एसएमसी) का गठन किया है। इसमें मनोविज्ञान विभाग के वीरेंद्र मौर्य अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी चुने गए हैं। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को छात्रों व विश्वविद्यालय के विकास के लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार करने को कहा गया है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मेधावी छात्र परिषद के पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मेधावी छात्र परिषद के सदस्य सरकार से प्रेरणा लेते हुए 100 दिन का एजेंडा तैयार करेंगे। वे छात्रों और विवि के समग्र विकास के लिए सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाएंगे। कुलपति ने छात्रों को एलयू गॉट टैलेंट जैसी अवधारणा पर काम करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर प्रो. राकेश चंद्रा, हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी की निदेशिका प्रो. मधुरिमा प्रधान आदि शिक्षक उपस्थित थे। बैठक में छात्रों को मेधावी छात्र परिषद में उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई।

मेधावी छात्र परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारी कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ। -संवाद

ये हैं अन्य पदाधिकारी

उपाध्यक्ष प्रज्ञान जोशी कला संकाय व सौम्य चतुर्वेदी रसायन विज्ञान विभाग, महासचिव श्रुति बोस अंग्रेजी विभाग, संयुक्त सचिव नीति जोशी कला संकाय, शिविका गुप्ता राजनीति विज्ञान विभाग, कला संकाय प्रतिनिधि आभा ओझा हिंदी विभाग, साक्षी सिंह सामाजिक कार्य विभाग, शिक्षा प्रतिनिधि प्रतिष्ठा मेहरोत्रा शिक्षा संकाय, अनम जेहरा शिक्षा संकाय, इंजीनियरिंग संकाय प्रतिनिधि सूरज राठौर, वाणिज्य प्रतिनिधि बलकरण शर्मा व स्तुति रॉय, प्रबंधन संकाय प्रतिनिधि प्रेरणा ढींगरा, विज्ञान प्रतिनिधि मिहिर कुमार, सांस्कृतिक प्रतिनिधि अंजलि सिंह, साहित्य प्रतिनिधि चंदन यादव अंग्रेजी विभाग, मीडिया प्रतिनिधि स्मृति स्नेहा अंग्रेजी विभाग, खेल प्रतिनिधि अलौकिक नंदन मिश्रा भूगोल विभाग शामिल हैं।

■ 65 मेधावी छात्रों के बीच हुआ चयन

मेधावी छात्र परिषद के गठन के लिए छह सदस्यों की समिति गठित की गई थी। इसमें कला संकाय की डीन प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, प्रो. राकेश द्विवेदी चीफ प्रॉक्टर, प्रो. राकेश चंद्रा डीन एकेडमिक्स, डॉ. मोहम्मद अनीस, नलिनी पसौंद, छात्र प्रतिनिधि शामिल थे। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन इसकी संयोजक थीं। समिति के सदस्यों ने विभिन्न विभागों के लगभग 65 मेधावी छात्रों की से संवाद के बाद उक्त का चयन किया।

सांस्कृतिक विचारों का आदान-प्रदान जरूरी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के ऑफिस फॉर इंटरनेशनल अफेयर्स के तत्वावधान में बेहतर विश्व के लिए सांस्कृतिक विचारों पर शनिवार को अंतरराष्ट्रीय छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इसका उद्घाटन करते हुए कहा कि किसी भी संगठन में स्वस्थ संचार की आवश्यकता है। प्रो. आरपी सिंह निदेशक अंतरराष्ट्रीय सहयोग और आईएसए ने सेमिनार की विषय वस्तु की जानकारी दी। प्रो. पूनम टंडन डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ने कहा कि ऐसे आयोजन शैक्षिक वातावरण को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

नैक मॉक ड्रिल का कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 11 से 13 जुलाई तक नैक पियर टीम का स्थलीय भ्रमण निर्धारित है। इससे पहले तैयारियों को दुरुस्त करने के लिए विवि प्रशासन की ओर से बाहरी विशेषज्ञों के द्वारा दो दिवसीय चार-पांच जुलाई को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पांच टीमें अलग-अलग विभागों, छात्रावास, न्यू कैंपस आदि का भ्रमण करेंगी और व्यवस्थाएं परखेंगी। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से शनिवार को इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी करते हुए सभी संबंधितों को इसमें शामिल होने को कहा गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : इंटर कॉलेजिएट प्रतियोगिता सात से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का एथलेटिक्स एसोसिएशन जल्द ही इंटर कॉलेजिएट खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। एसोसिएशन के महासचिव प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि इसके तहत सात जुलाई को चेस खेलेगा इंडिया, आठ और 12 जुलाई को टेबल टेनिस प्रतियोगिता, 11 से 13 जुलाई तक बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। छह जुलाई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण कराए जा सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

एलएलबी इंटीग्रेटेड व बीकॉम का परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विवि प्रशासन ने शनिवार को कई कोर्सों का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार एलएलबी इंटीग्रेटेड दसवें सेमेस्टर, बीकॉम पहले सेमेस्टर एनईपी, एमबीए सीबीसीएस पहले सेमेस्टर व एमएचए तीसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया गया है। वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 6

स्टूडेंट काउंसिल के प्रेसीडेंट बने वीरेंद्र

वाइस प्रेसिडेंट प्रज्ञान जोशी और सौम्य चतुर्वेदी बने

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (2 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शनिवार को नई मेटेरियस स्टूडेंट्स काउंसिल का गठन किया. मनोविज्ञान विभाग के छात्र वीरेंद्र मौर्य परिषद के प्रेसिडेंट चुने गए, वाइस प्रेसिडेंट कला संकाय के प्रज्ञान जोशी व रसायन विज्ञान विभाग के सौम्य चतुर्वेदी को चुना गया. अंग्रेजी विभाग की श्रुति बोस जनरल सेक्रेटरी और ज वाइंट सेक्रेटरी पद पर कला संकाय की नीति जोशी व राजनीति विज्ञान विभाग की शिविका गुप्ता नामित हुईं. चयनित मेटेरियस स्टूडेंट्स काउंसिल ने वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने संवाद किया. वीसी ने छात्र परिषद से 100 दिनों के लिए प्राथमिकताओं का एजेंडा तैयार करने और 'एलयू गाट टैलेंट' की अवधारणा पर काम करने की सलाह दी. संवाद के मौके पर कला संकाय की डीन प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, डीएसडब्लयू प्रो. पूनम टंडन, डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे.

इनका भी हुआ चयन

कला प्रतिनिधि: आभा ओझा, हिंदी विभाग, साक्षी सिंह, सामाजिक कार्य विभाग. **शिक्षा प्रतिनिधि :** प्रतिष्ठा मेहरोत्रा, शिक्षा संकाय, अनम जेहरा-शिक्षा संकाय, इंजीनियरिंग प्रतिनिधि सूरज राठौर-इंजीनियरिंग संकाय. **वाणिज्य प्रतिनिधि :** बलकरण शर्मा-वाणिज्य विभाग, स्तुति राय-वाणिज्य विभाग. **प्रबंधन प्रतिनिधि:-** प्रेरणा ढींगरा-आइएमएस आदि.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

नवगठित एसएमसी ने कुलपति से की बातचीत

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई ऑनलाइन और ऑफलाइन बातचीत के बाद आखिरकार अपनी मेधावी छात्र परिषद (एसएमसी) का गठन किया। शनिवार को परिषद के सदस्यों की पहली बार विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से बातचीत हुई।

परिषद में अध्यक्ष के पद पर वीरेंद्र मौर्य (मनोविज्ञान विभाग), उपाध्यक्ष के पद पर प्रज्ञान जोशी (कला संकाय) व सौम्य चतुर्वेदी (रसायन विज्ञान विभाग), महासचिव के पद पर श्रुति बोस (अंग्रेजी विभाग), संयुक्त सचिव के पद पर नीति जोशी (कला संकाय) व शिविका गुप्ता (राजनीति विज्ञान विभाग), कला प्रतिनिधि के पद पर आभा ओझा (हिंदी विभाग) व साक्षी सिंह (सामाजिक कार्य विभाग), शिक्षा प्रतिनिधि के पद पर प्रतिष्ठा मेहरोत्रा (शिक्षा संकाय) व अनम जेहरा (शिक्षा संकाय), इंजीनियरिंग प्रतिनिधि के पद पर सूरज राठौर (इंजीनियरिंग संकाय), दूसरे परिसर से वाणिज्य प्रतिनिधि के पद पर बलकरण शर्मा (वाणिज्य विभाग) व स्तुति रॉय (वाणिज्य विभाग), प्रबंधन प्रतिनिधि के पद पर प्रेरणा ढींगरा (आईएमएस), दूसरा परिसर विज्ञान प्रतिनिधि के पद पर मिहिर कुमार (प्राणीशास्त्र विभाग), सांस्कृतिक प्रतिनिधि के पद पर अंजलि सिंह (इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रो एनर्जी एंड एम्पियो), साहित्य प्रतिनिधि के पद पर चंदन यादव (अंग्रेजी विभाग), मीडिया प्रतिनिधि के पद पर स्मृति स्नेहा (अंग्रेजी विभाग) तथा खेल प्रतिनिधि के पद पर अलाउकिक नंदन मिश्रा (भूगोल विभाग) को नियुक्त किया गया है। छह सदस्यों की गठित समिति ने एसएमसी 2021-22 में पद धारकों के नाम शॉर्टलिस्ट किए। इस समिति में कला संकाय के डीन प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, प्रो. राकेश द्विवेदी, चीफ प्रॉक्टर राकेश चंद्रा, सहायक डीएसडब्ल्यू नलनी पसौंद शामिल है। समिति के सदस्यों ने लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 65 मेधावी छात्रों की भागीदारी के समान अवसर के साथ अंतिम सूची का गठन किया। शनिवार को परिषद के सदस्यों की पहली बार कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से बातचीत हुई। प्रो. राय ने अपनी बातचीत में उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय के समग्र विकास में योगदान देने के लिए कहा। उन्होंने भारत सरकार से प्रेरणा लेने और 100 दिनों के लिए प्राथमिकताओं का एजेंडा तैयार करने और 'एलयू गॉट टैलेंट' की अवधारणा पर काम करने की सलाह दी।

NBT PAGE 5

एलयू के पुनर्मूल्यांकन के लिए 11 जुलाई को आएगी नैक टीम

हॉस्टल की छात्राएं नैक टीम के लिए बनाएंगी लजीज पकवान

- 'मिनी इंडिया' मेन्यू परोसने पर काम कर रही हैं गोल्डन जुबली छात्रावास की छात्राएं
- छात्राओं ने नैक टीम के लिए खाना पकाने को लेकर अपनी मर्जी से भरी हामी

■ **एनबीटी, लखनऊ :** एलयू के पुनर्मूल्यांकन के लिए 11 जुलाई को आने वाली नैक टीम के लिए छात्राएं अपने हाथों से लजीज पकवान तैयार करेंगी। गोल्डन जुवली छात्रावास की शोधार्थी छात्राएं इसके लिए 'मिनी इंडिया' मेन्यू परोसने पर भी काम कर रही हैं। इस खास मेन्यू में कई राज्यों के विशेष पकवानों को शामिल किया गया है। छात्राओं ने नैक टीम के लिए खाना पकाने को लेकर स्वेच्छा से हामी भरी है।

पीएचडी छात्रा साक्षी सिंह बताती हैं कि हम सभी छात्राएं 'एलयू परिवार' की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए स्वेच्छा से यह प्रयास कर रही हैं। गोल्ड जुवली में देश के विभिन्न हिस्सों जैसे हरियाणा, राजस्थान, बिहार और अन्य राज्यों के विद्यार्थी हैं, इसलिए हमने नैक टीम के सदस्यों को 'भारत का स्वाद' परोसने की योजना बनाई है। कई राज्यों की छात्राएं होने से जायकों की लंबी फेहरिस्त रहने का ऑप्शन हमारे पास है।

"कई छात्राओं ने अनुरोध किया कि वे पुनर्मूल्यांकन के लिए परिसर में आने वाले नैक सदस्यों के लिए भोजन बनाना चाहती हैं। छात्राएं बेहद उत्साहित थीं। मैं नैक टीम के सदस्यों से इजाजत लूंगा और अगर सब सही रहता है, तो यात्रा के दूसरे दिन छात्राएं नियोजित मेनू परोस सकती हैं।

– प्रो. एके राय, कुलपति, एलयू

'हम भी देना चाहते हैं योगदान'

गोल्डन जुवली छात्रावास की एक अन्य छात्रा शिखा रावत बताती हैं कि एलयू में हर कोई नैक की तैयारियों को लेकर किसी न किसी तरह से योगदान दे रहा है। हम भी अपने विवि को ग्रेडिंग में मदद करना चाहते हैं, इसलिए हमने नैक टीम को घर का बना खाना परोसने का फैसला किया जो हम छात्रावास में ही तैयार करेंगे। मेनू में लखनऊ के अवधी जायके के साथ हरियाणवी तड़का दाल, राजस्थान की गट्टे की सब्जी और बिहार के लजीज पकवान भी शामिल रहेंगे।

ये छात्राएं कर रही हैं तैयारी

डीन छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि एलयू के पास जैविक खेत भी है। हम परिसर में साग-सब्जियां स्वयं उगाते हैं। ऐसे में इस माध्यम से एक अच्छा संदेश दिया जा सकता है। इसमें छात्रावास प्रोवोस्ट समेत नौ शोध विद्यार्थी शामिल हैं। इनमें निकिता सिंह, शिखा रावत, निशि सोनी, निकिता कटियार, निमसिहा सिंह, अंजलि मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, अंजना तिवारी और साक्षी सिंह की एक टीम बनाई गई है, जो नैक के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेगी।

HINDUSTAN PAGE 8

लखनऊ विश्वविद्यालय मेधावी छात्र परिषद गठित

लखनऊ। लंबी खोजबीन के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने मेधावी छात्र परिषद गठित कर दी है। ऑनलाइन और ऑफलाइन चर्चा के बाद मेधावी छात्र परिषद (एसएमसी) गठित कर दी गई है।

विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी के मुताबिक मनोविज्ञान विभाग के वीरेंद्र मौर्य को अध्यक्ष, कला संकाय के प्रज्ञान जोशी व रसायन विज्ञान के सौम्य चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग की श्रुति बोस को महासचिव, नीति जोशी, शिविका गुप्ता को संयुक्त सचिव बनाया गया है। इसके अलावा सकायों के लिए प्रतिनिधि बनाए गए है। आभा, साक्षी सिंह को कला संकाय, प्रतिष्ठा मेहरोत्रा, अनम जोहरा को शिक्षा समेत अन्य को जिम्मेदारी दी गई।

बेहतर शैक्षिक माहौल बनाए परिषद: कुलपति

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने नवगठित मेधावी छात्र परिषद से मिलकर पदाधिकारियों का परिचय लिया। कुलपति ने छात्रों से कैंपस में बेहतर एवं सुरक्षित माहौल बनाने का सुझाव दिया। कुलपति ने कहा कि मेधावी छात्र परिषद भी सरकार की तरह 100 दिन का एजेंडा तैयार करें।

AMRIT VICHAR PAGE 3

लविवि | 100 दिनों का कार्य एजेंडा तैयार करने का लिया गया निर्णय

मेधावी छात्र परिषद से कुलपति ने किया संवाद

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अभी हाल ही में गठित मेधावी छात्र परिषद के सदस्यों से कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने शनिवार को संवाद किया। इस दौरान मेधावी छात्र परिषद के सदस्यों ने सरकार से प्रेरणा लेते हुए, 100 दिनों का कार्य एजेंडा तैयार करने का निर्णय लिया है। जिसमें छात्रों और विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाएंगे।

विस्तारित पुस्तकालय घंटे, 'एलयू गॉट टैलेंट' या एक सप्ताह तक चलने वाला सांस्कृतिक उत्सव कुछ ऐसे विचार थे जिन पर जल्द ही छात्र परिषद द्वारा काम किया जाएगा।

परिषद के युवा छात्र सदस्य, प्रत्येक अपने संबंधित विभागों से टॉपर हैं, जिन्हें उनके शैक्षणिक कार्यक्रम में उनके मेधावी प्रदर्शन के आधार पर चुना गया, जिससे वे इस परिषद का हिस्सा बन गए। बैठक का आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने किया, जिन्होंने विश्वविद्यालय के मामलों में महिला सशक्तिकरण और छात्रों के अधिकारिता के महत्व पर चर्चा की।

परिषद गठन से छात्र खुश

परिषद के एक छात्र प्रतिनिधि जय सिंह ने कहा कि हम इस नई छात्र परिषद के गठन से काफी उत्साहित हैं। डीएसडब्ल्यू के छात्र प्रतिनिधि होने के नाते, मैं व्यक्तिगत रूप से सोचता हूं कि आपसी समझ और रचनात्मक विचारों से हम विश्वविद्यालय में सकारात्मक बदलाव ला सकेंगे।

TOI PAGE 3

LU clinic to help kids, teens with addiction

Adeeb Walter | TNN

Lucknow: Lucknow University (LU) will soon have a 'Child and Adolescent Guidance Clinic' to assist educational institutions and parents in addressing various kinds of addictions and behavioural disorders among children and teenagers.

Said to be a first-of-its-kind centre in any university in the state, the free clinic will be opened by LU's social work department in association with non-government organisation Disha.

Head of LU's social work department, Prof Anoop Kumar Bhartiya said that in the first phase all schools will be invited to send students who require attention. If the move is a success, colleges will be included. The clinic is expected to be ready by August 15.

Disha director Kumar Deepak said, "Children with any kind of addiction from drugs to alcohol and digital will be assisted. Professional psychiatrists and psychologists will be available for students either referred by schools or parents," he added.

Mini-India meal for NAAC team, courtesy LU students

9 Research Scholars Volunteer

Mohita.Tewari
@timesgroup.com

Lucknow: Be it Awadhi cuisine, gatte ki sabji from Rajasthan, special Haryanvi tadka dal or delicacies from Bihar, research scholars at Lucknow University's Golden Jubilee hostel are working on serving a 'Mini India' menu to the National Assessment Accreditation Council (NAAC) visiting the campus for re-assessment from July 11 to July 13.

The girl students volunteered to cook for the team with an idea to showcase unity in diversity on the campus and to promote the concept of 'LU family' in which students, teachers and non-teaching staff all come together on big events.

Lucknow University students will be using vegetables and herbs from LU's organic farm for cooking dinner for the NAAC team

"A few students approached me with a request that they wanted to cook a meal for NAAC members visiting the campus for re-evaluation. Students were excited and had planned its weeks before. I will take permission from the NAAC team members and if all goes well then on the second day of the visit the students can serve the menu they have planned," said LU vice-chancellor Prof AK Rai.

"The best thing about our hostel is that we have students from different parts of the country like Haryana, Rajasthan and Bihar. Hence we have planned to serve 'the taste of India' to the NAAC team members," said PhD student Sakshi Singh. She said everyone in the university was contributing in some way or another to NAAC preparations. "As we also wanted to do something we decided to serve the team 'homemade' food which we will prepare in the hostel itself."

"LU has a small organic farm and we will be using vegetables and herbs available on the campus," said dean, student welfare, Prof Poonam Tandon. She said a team of hostel provost and nine research scholars Nikita Singh, Nimsiha Singh, Anjali Mishra, Shikha Rawat, Nishi Soni, Nikita Katiyar, Akansha Mishra and Anjana Tiwari and Sakshi Singh will host the dinner for the NAAC team, she added.

JAGRAN CITY PAGE III

वीरेंद्र बने लखनऊ विश्वविद्यालय मेधावी छात्र परिषद के अध्यक्ष

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को नई मेधावी छात्र परिषद का गठन कर दिया। इस बार मनोविज्ञान विभाग के छात्र वीरेंद्र मौर्य परिषद के अध्यक्ष चुने गए हैं। उपाध्यक्ष कला संकाय के छात्र प्रज्ञान जोशी व रसायन विज्ञान विभाग के सौम्य चतुर्वेदी चयनित हुए। अंग्रेजी विभाग की छात्रा श्रुति बोस महासचिव और संयुक्त सचिव कला संकाय की नीति जोशी व राजनीति विज्ञान विभाग की शिविका गुप्ता बनीं। छात्र परिषद ने कुलपति प्रो. आलोक राय ने संवाद किया।

कुलपति ने छात्र परिषद से 100 दिनों के लिए प्राथमिकताओं का एजेंडा तैयार करने और 'एलयू गाट टैलेंट' की अवधारणा पर काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सप्ताह भर चलने वाले सांस्कृतिक उत्सव की आवश्यकता है। छात्र परिषद के सदस्यों ने कहा कि हर जगह वह विश्वविद्यालय का सहयोग करेंगे। संवाद के मौके पर कला संकाय की डीन प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, डीएसडब्लयू प्रो. पूनम टंडन, डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा उपस्थित रहे।

इनका भी चयन : कला प्रतिनिधि : आभा ओझा, हिंदी विभाग, साक्षी सिंह, सामाजिक कार्य विभाग। शिक्षा प्रतिनिधि : प्रतिष्ठा मेहरोत्रा, शिक्षा संकाय, अनम जेहरा-शिक्षा संकाय, इंजीनियरिंग प्रतिनिधि सूरज राठौर-इंजीनियरिंग संकाय। वाणिज्य प्रतिनिधि : बलकरण शर्मा-वाणिज्य विभाग, स्तुति राय-वाणिज्य विभाग। प्रबंधन प्रतिनिधि:- प्रेरणा ढींगरा-आइएमएस, विज्ञान प्रतिनिधि- मिहिर कुमार-प्राणीशास्त्र विभाग, सांस्कृतिक प्रतिनिधि : अंजलि सिंह-इंस्टीट्यूट आफ हाइड्रो एनर्जी एंड एम्पियो। साहित्य प्रतिनिधि- चंदन यादव-अंग्रेजी विभाग। मीडिया प्रतिनिधि : स्मृति स्नेहा-अंग्रेजी विभाग। खेल प्रतिनिधि- अलौकिक नंदन मिश्रा, भूगोल विभाग।

लविवि में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय (बीच में) ने नई मेधावी छात्र परिषद के गठन के बाद सदस्यों से संवाद किया • लौजन्य से लविवि

वीकाम प्रथम सेमेस्टर सहित कई परिणाम जारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को वीकाम प्रथम सेमेस्टर (एनईपी), एमएचए तृतीय सेमेस्टर, एमबीए (सीबीसीएस) प्रथम सेमेस्टर और एलएलबी इंटीग्रेटेड 10वें सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया। छात्र-छात्राएं वेबसाइट के माध्यम से अपना परिणाम देख सकते हैं।

छात्र कल्चर कम्युनिकेशन विषय पर हुई संगोष्ठी : लखनऊ विश्वविद्यालय के आफिस फार फार इंटरनेशनल अफेयर्स के तत्वावधान में शनिवार को 'बेहतर विश्व के लिए क्रास कल्चरल कम्युनिकेशन' विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इसका उद्घाटन किया। कार्यक्रम में भारत, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, मारीशस, यमन, नामीबिया, इंडोनेशिया, घाना और लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ रहे कई अन्य देशों के अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर डायरेक्टर इंटरनेशनल कोलाबरेशन एंड आइएसए प्रो.आरपी सिंह, डीएसडब्लू प्रो. पूनम टंडन सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

डिस्पेंसरी अब आरोग्य भवन, भर्ती की भी सुविधा

अखिल सक्सेना • लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) में बनी डिस्पेंसरी जल्द ही नए कलेवर में नजर आएगी। नए सत्र से इसकी पहचान आरोग्य भवन के नाम से होगी। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए बेड, दवाई सहित कई सुविधाएं बढ़ा दी गई है। एक महिला डाक्टर की तैनाती की भी जल्द व्यवस्था की जाएगी।

लविवि में 11 से 13 जुलाई तक नैक मूल्यांकन होना है। ऐसे में विश्वविद्यालय अपने यहां छात्र सुविधाएं बढ़ाने, व्यवस्थाओं को बेहतर करने में जुटा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय मेडिकल सुविधा के लिए डिस्पेंसरी का कायाकल्प करा रहा है। अभी तक यहां दो बेड की व्यवस्था थी, इसे बढ़ाकर चार कर दिया गया है। इस आरोग्य भवन में एक महिला डाक्टर की स्थायी तैनाती के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को पत्र लिखा गया है।

डाक्टरों के लिए मीटिंग रूम भी : यहां एक होम्योपैथी व दो एलोपैथी के डाक्टर पहले ही तरह मौजूद रहेंगे। डाक्टरों के लिए मीटिंग रूम भी तैयार किया जा रहा है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए डिस्पेंसरी में सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। दवाई, बेड बढ़ाने के साथ-साथ वाटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर से लेकर वैक्सीन लगवाने की तक की व्यवस्था कर दी गई है। विद्यार्थियों का हेल्थ डेटा बैंक बनाने की भी योजना है।

गर्ल्स कामन रूम अब वात्सल्य भवन : लविवि में टैगोर पुस्तकालय के पास बने गर्ल्स कामन रूम और चाइल्ड केयर सेंटर के भवन का नाम अब वात्सल्य भवन कर दिया है। गर्ल्स कामन रूम में छात्राओं के लिए खेल-कूद से लेकर व्यायाम करने तक की सभी सुविधाएं हैं। यहां साइकिलिंग, टेबल टेनिस, लूडो, कैरम, शतरंज सहित अन्य खेल संसाधन हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय की डिस्पेंसरी में वार्ड बनाकर बढ़ाए गए बेड • लौजन्य से लविवि

लविवि ने डिस्पेंसरी का नाम बदलकर आरोग्य भवन कर दिया • लौजन्य से लविवि

HINDUSTAN TIMES PAGE 3

LU V-C meets members of students' council

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: Vice-chancellor of the Lucknow University (LU) Prof Alok Kumar Rai, interacted with members of the newly formed Meritorious Students' Council (MSC) of the university, on Saturday.

The students, each a topper from their respective departments, were picked for their meritorious performance in their academic programme to be a part of the 19-member council, including 11 female and 8 male students. During his interaction, the V-C asked the MSC members to make the university a lively and safer place for its students.

The MSC, which was formed on Saturday itself, will lay out a 100-day agenda under which it will plan to organise cultural and academic events for the development of the students and the university in general.

"Extended library hours, a conceptual 'LU Got Talent' or a week-long cultural fest were some ideas that will soon be worked out by the Students' Council," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

The meeting was convened by dean students' welfare, Prof Poonam Tandon, who discussed the importance of women's empowerment and empowerment of the students in university affairs. On the occasion, dean, academics, Prof Rakesh Chandra; assistant DSW, Mohammad Anees and director, Happy Thinking Laboratory, LU, Prof Madhurima Pradhan were also present.

Prof Pradhan discussed the tenets of effective leadership. In the meeting, the students were briefed about their roles and responsibilities in the council.

Jay Singh, a student representative of the DSW council, said, "We're are excited and elated with the formation of this new students' council. Being a student representative of DSW, I personally think that with mutual understanding and creative ideas, we will be able to bring about positive changes in the university."

Vice-chancellor of Lucknow University Prof Alok Kumar Rai with members of the Meritorious Students' Council, on Saturday. HT PHOTO

लखनऊ विश्वविद्यालय में होगी शतरंज व टेबल टेनिस प्रतियोगिता

लविवि एथलेटिक एसोसिएशन ने जारी किया कार्यक्रम, सात से 12 जुलाई तक आयोजित होगी प्रतियोगिता, छह से पंजीकरण

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन ने शतरंज और टेबल टेनिस प्रतियोगिता की तैयारी पूरी कर ली है। 'चेस खेलेगा इंडिया' इंटर कालिजिएट शतरंज प्रतियोगिता सात जुलाई, टेबल टेनिस प्रतियोगिता आठ और 12 जुलाई को होगी। इसके लिए छह जुलाई तक आनलाइन व आफलाइन पंजीकरण किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय ने इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है।

एसोसिएशन के महासचिव प्रो. रुपेश कुमार ने बताया कि इन दोनों प्रतियोगिताओं में लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े सभी महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए खिलाड़ी को दो पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ, सेमेस्टर फीस की मूल रसीद, 10वीं, 12वीं व स्नातक की मार्कशीट व उसकी फोटोकापी, आइडी कार्ड लेकर आना होगा। उन्होंने बताया कि टेबल टेनिस प्रतियोगिता में आठ जुलाई को नाक आउट कम लीग का आयोजन होगा। इसमें जो जीतेगा वह 12 जुलाई को फाइनल राउंड में शामिल होगा।

शतरंज प्रतियोगिता का शेड्यूल : सात जुलाई सुबह नौ बजे, (महिला, पुरुष), कमरा नंबर-213 डिपार्टमेंट आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता : आठ जुलाई-सुबह आठ बजे (पुरुष)- टेबल टेनिस हाल एथलेटिक एसोसिएशन। 12 जुलाई-सुबह 11 बजे-टेबल टेनिस हाल, एजुकेशन डिपार्टमेंट।

बास्केट बाल प्रतियोगिता 11 से : लखनऊ विश्वविद्यालय ने इंटर कालिजिएट बास्केट बाल प्रतियोगिता का शेड्यूल भी तय कर दिया है। विश्वविद्यालय 11, 12 व 13 जुलाई को इंटर कालिजिएट बास्केट बाल प्रतियोगिता आयोजित करेगा।

लवि : नैक मूल्यांकन के लिए माक विजिट कल से

लखनऊ विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन 11 से 13 जुलाई तक होगा। उससे पहले विश्वविद्यालय सोमवार और मंगलवार को माक विजिट का आयोजन करेगा। इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने सभी विभागों को निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए टीम बनाई गई है, जिसमें विश्वविद्यालय के बाहर के विशेषज्ञ शामिल होंगे। माक विजिट के दौरान टीम विश्वविद्यालय के दोनों परिसर के सभी विभागों, छात्रावास व केंद्रीय सुविधाएं भी देखेगी।